Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **भरतपुर में ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *27 जून, गुरूवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. भरतपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **डॉ. कृष्णदत्त शर्मा खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कामां, जिला डीग एवं राकेश कुमार सैनी सहायक कर्मचारी कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कामां, जिला डीग** को परिवादी से **25 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की भरतपुर इकाई को ए.सी.बी. हैल्पलाईन के माध्यम से परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि उसके नर्सिंग होम में कमी निकाल कर उसे सील करने एवं उसके विरूद्ध थाने में मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर आरोपी डॉ. कृष्णदत्त शर्मा खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कामां, जिला डीग एवं अन्य द्वारा **1 लाख रुपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. भरतपुर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित सिंह** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी डॉ. कृष्णदत्त शर्मा खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कामां, जिला डीग एवं राकेश कुमार सैनी सहायक कर्मचारी कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कामां, जिला डीग को परिवादी से **25 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपीगण द्वारा शिकायत से पूर्व **45 हजार रुपये** एवं शिकायत के सत्यापन के दौरान भी **10 हजार रुपये** रिश्वत के रूप में परिवादी से वसूल कर लिये थे।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपीगण से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**